भेजेगा, वहां से वहां भेजेगा। उसको मुनाफा ज्यादा है। या फिर उस उद्योगपति को मुनाफा ज्यादा है जो किसान की चीजों की शकल बदलता है। इस प्रकार उद्योगपति जो शकल बदलता है उसको मुनाफा ज्यादा है और व्यापारी जो किसान की चीज की जगह बदलता है वह ज्यादा मुनाफा कमाता है। किसान पैदा करने वाला मुनाफा ज्यादा नहीं कमाता है। मैं कृषि मंत्री जी से जो स्वयं किसान हैं उनसे मुझे बड़ी आशा है और पंजाब से आये हुए हैं और पंजाब तो हमारे देश को प्रेरणा देता रहा है, उनसे आशा करूंगा कि वे किसानों की कठिनाइयों के जितने सवाल हैं उनके समाधान के लिए उचित मूल्य दिला सकें और जो आयोग बनाने की घोषणा हुई है उसके अनुसार आयोग गठित करें साथ ही यह बात सच है कि उसमें किसानों के प्रतिनिधि अधिक होने चाहिए। यदि उनकी तादाद अधिक होगी तो सुझाव अच्छे मिलेंगे। मानना, न मानना वह तो आपकी बात है। फिर भी मैं कहूंगा कि जो आयोग बनाया जाए उसमें उनकी जो उचित बात उसको माना जाए। आयोग भी कभी-कभी ऐसी बात कर देते हैं जो नहीं करनी होती है। आयोग को करना तो होता नहीं सरकार को ही करना पड़ता है। मैं उस कठिनाई को जानता हूं। लेकिन किसान की जो उचित बात हो उसको जरूर माना जाना चाहिए। मैं इन शब्दों के साथ आपका आभार मानता हूं और कृषि मंत्री जी से आशा करता हूं कि किसानों को वह उचित मूल्य दिलायेंगे। चाहे वह इसे आयोग बनाकर करें या किसी और तरह करें। किसान की समस्या उसकी अपनी समस्या ही नहीं है वह एक राष्ट्रीय समस्या है। इसलिए राष्ट्रीय समस्या समझकर ही किसान की समस्या का अध्ययन करना चाहिए और उसका समाधान करना चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं आपका फिर धन्यवाद करता हूं।

श्री राम अवधेश सिंह (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया। जहां तक किसानों को उचित मूल्य नहीं मिलने का सवाल है उसका कारण बिल्कुल साफ और एक शब्द में यह है कि सरकार की नीयत साफ नहीं है। क्योंकि कोई भी काम नीयत से, नीति से और नेता से होता है। नीयत जब तक साफ नहीं होगी तब तक काम नहीं हो सकता है। नीयत बनती है उसके भीतर के संबंधों से भीतर का संबंध किन से है? जो किसान हैं उनसे उनको तो पैसे मिलते नहीं हैं, चुनाव के चंदे मिलते नहीं हैं। मोटी-मोटी राशि मिल सकती है इंडस्ट्रियल लोगों से जो बड़े-बड़े उद्योगपति हैं वे पैसे देते हैं। कृषि में जो इनपुट्स हैं, खाद है, कीटनाशक औषधि है ये सारी चीजें जो यंत्र बनाते हैं, ट्रैक्टर बनाते हैं और ये पूंजीपति लोग बनाते हैं उनसे तो इनको पैसे मिलते हैं इसलिए वह उनके सामान महंगे जरूर करेंगे ताकि उनको मुनाफा मिले। लेकिन किसान को अपनी उपज के उचित दाम नहीं मिल पाते। अभी जब आलू पैदा हुआ तो मुश्किल से आठ आना किलो ही बाजार में बिका। इस समय चार रुपये मिनिमम है और सात-आठ रुपये तक है। जब हम लोगों के जमाने में प्याज पांच रुपये किलो हो गया था तो श्रीमती इंदिरा गांधी से लेकर गांव-गांव का कांग्रेसी वर्कर सिर्फ यही चिल्लाता था, सब कुछ छोड़कर सिर्फ प्याज-प्याज ही बोलता था। लेकिन आज इनको शर्म भी नहीं आती है कि 50 पैसे किलो आलू खरीदवाया व्यापारी को और फिर उन्हीं से चार रुपये, पांच रुपये सात रुपये आलू बिकवा रहे हैं। मुझको एक आदमी ने बताया एक व्यापारी ने बताया कि चार महीने पहले हम लोगों ने करोड़ों करोड़ रुपया लगाकर और सब आलू खरीदकर बंद कर दिया। तो एक आदमी ने उससे पूछा कि आलू तो सड़ जाएगा, आलू क्यों खरीद रहे हो? तो उसने कहा कि इस आलू से बाद में इतना फायदा होगा कि मैं आगे चलकर बताऊंगा। उसने कहा कि जितना आलू सड़ेगा उतना ही हम लोगों को फोयदा होगा। अगर आलू सड़ जाएगा तो सात, आठ दस रुपये बिकवा देंगे। इस प्रकार आलू तो खरीदकर जमा कर दिया। मैं चुनौती

[श्री राम अवधेश सिंह]

के साथ सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार में हिम्मत है कि जो आलू जब्त कर दिया गया है, जो आलू छिपा दिया गया है उसको वह बाहर निकलवाये ? क्या यह सरकार कर सकती है ? जो आलू उस समय पचास पैसे किलो बिकता था आज वह सात रुपये दस रुपये के भाव से बिक रहा है । क्या कृषि मंत्री जी को उसमें से कुछ हिस्सा मिला है उन व्यापारियों से ? अगर मिला न, कितना मिला है, बताइये ?

श्री रफीक आलम (बिहार): उपाभाध्यक्ष जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । लेकिन वक्त की पाबंदी कर दी । मैं सिर्फ कुछेक बातें ही कहना चाहूंगा । कम से कम हमारे विरोधी दल के लोग काश्तकारों के मामले को पोलिटीकल नहीं बनाएं । काश्तकार लोग आज बहुत परेशान हैं, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता है । महात्मा गांधी जी ने कहा था, इंडिया लिवज इन दी विलेजज और जब आजादी की लड़ाई लड़ी गई थी तो इन्हीं काश्तकारों ने महात्मा गांधी जी का साथ दिया था और अंग्रेजों को यहां से निकाला था । लेकिन आज काश्तकार के साथ सब से बड़ा प्राब्लम यह है कि वह जो पैदा करते हैं उसकी कीमतें कम है और जो कुछ वे मार्किट से खरीदते हैं अपनी ही चीजें सिर्फ उनकी शक्ल बदल दी गई है. उसकी कीमतें ज्यादा हैं ।... **(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य : आप सरकार में हैं ।

श्री रफीक आलम : ये सारी प्राब्लम्ज आप लोग क्रिएट करते हैं और बदनाम करते हैं हमको । काश्तकारों के सामने सब से बड़ी प्राब्लम यही है कि जो मैनुफैकचर्ड गुड्स खरीदते हैं चाहे वे मिल की हों या कहीं और की उनकी कीमतें ज्यादा हैं और जो वह स्वयं पैदा करते हैं उनकी कीमतें कम हैं । चाहे जूट का मामला हो, चाहे कपास का मामला हो, चाहे गेहूं का मामला हो, चाहे गन्ने का मामला हो या और कोई चीज का मामला हो । उपसभाध्यक्ष जी, आपको यह सुनकर ताज्जुब होगा कि 1984 में जूट पैदा करने वालों को मिला चार सौ रुपये मन, एक हजार रुपये क्विंटल फिर उसी जूट पैदा करने वाले को 60 रुपये मन मिला यानी अब कहां चार सौ रूपये मन और कहां साठ रुपये मन । लेकिन वही चीज जब मिल वाले देते हैं तो उसमें कोई कमी नहीं । इसलिए अभी सरकार से मेरी गुजारिश है और यह भी बात है कि हमारे वोटर्ज भी जितने हैं, हम लोग भी आते हैं चाहे एम पीज या एम एल एज होकर आये हैं ज्यादातर काश्तकार के ही नुमायंदे हैं, इसलिए हर आदमी का यह कर्त्तव्य हो जाता है कि वह गांव की तरफ देखे । क्योंकि जब गांव खुशहाल होगा तभी मुल्क खुशहाल हो सकता है । गांव गरीब होगा तो मुल्क शक्तिशाली नहीं हो सकता है क्योंकि सब से ज्यादा प्राड्यूसज तो वही हैं और सब से ज्यादा कंजयूमर वही हैं । अभी बिकल जी ने यही कहा है कि एक चपड़ासी जो है वह अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी तालीम दे सकता है, उन्हें खिला सकता है, लेकिन काश्तकार इतना भी नहीं कर सकता है । पलड से परेशान हो तो वह, ड्राउट से परेशान हो तो, कीमतें बढ़ें तो काश्तकार परेशान हो, हर सूरत में परेशान काश्तकार ही होता है । इसलिए मैंने कहा कि चाहे ब्यूरोक्रैट्स हों, चाहे राजनीतिज्ञ हों, चाहे बिजनैसमैन हों आजादी की रोशनी तो इन सब के घरों में पहुंची है, लेकिन अभी तक यही आजादी की रोशनी काश्तकार के घर तक नहीं पहुंची है । अभी तक काश्तकार की हालत वहीं की वही है जो कि पहले थी । उसकी हालत बिल्कुल बतदतर होती जा रही है । इसलिए मैं एग्रीकल्चर मिनिस्टर से कहूंगा कि जब भी आप प्राइस फिक्सेशन करें तो काश्तकारों के प्रतिनिधि को जरुर रखें । यह नहीं है कि जो जूट नहीं जानता है कि जूट कैसा होता है वह जूट की प्राइस फिक्स करे । पूछते भी नहीं कि इसकी लागत क्या है । मैं भी जूट पैदा करने वाला हूं, एक मन जूट पैदा करने में लगभग 200 रुपया खर्च हो जाता है ।

यह फारेन एक्सचेंज लाता है, गोल्डन फाइबर कहलाता है । आज किसान की हालत बहुत खराब है उसको बहुत प्राब्लम हो रही है । अगर किसान आन्दोलन पर उतर आयेंगे तो कोई ताकत उसको रोक नहीं सकेगी । इसलिए यह आंदोलन होने के पहले मैं सरकार से अपील करूंगा कि किसानों की तरफ वह ज्यादा से ज्यादा ध्यान दे, वे जो चीजें पैदा करते हैं उनकी जायज कीमत उन्हें मिले और ये जो बीच में नफाखोरी करने वाले है इन पर पाबंदी लगे । ऐसी बात न हो कि जो पैदा करता है वह भूखा रहे और जो चीज को सिर्फ इस मार्कीट से उस मार्किट तक पहुंचा देता है वह पक्के मकान में रहे और वहां पर बिजली का पंखा भी चलता हो । मुझे व्यापारियों से शिकायत नही है, शिकायत मुझे यह है कि जो पैदा करते हैं उनको कम मिलता है जबकि उनको ज्यादा मिलना चाहिए । जो यहां की चीजें वहां ले जाते है उनको कम मिलना चाहिए । इस सूरत में आप ऐसा लैवल लायें कि समाज में हम अमनो-अमान से रहें, मुल्क खुशहाल रहे और हमारा तिरंगा झंडा हमेशा ऊंचा रहे । धन्यवाद ।

†[आशरी रफीक आलम (बिहार) : सभापति महोदय जी - मैं आप का आभारी हूं - कि आप ने मुझे बोलने का मौका दिया - लेकिन वक्त की पाबंदी करदी - मैं सिर्फ कुछ एक बातें ही कहना चाहूंगा - कम से कम हमारे वरुदधी दल के लोग किसानों के मामले को पोलिटिक्स नहीं बनाएं - किसान लोग आज बहुत परेशान हैं - इस से कोई इंकार नहीं कर सकता है - महात्मा गांधी जी ने कहा था - "दांडी यात्रा ऐज दी वैलिज" - और जब आजादी की लड़ाई लड़ी गई

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

तो इन्हीं किसानों ने महात्मा गांधी जी का साथ दिया था और अंग्रेजों को यहां से निकाला था - लेकिन आज किसानों के साथ सब से बड़ा प्राब्लम यह है कि वह जो पैदा करते हैं उस की कीमतें कम हैं - और जो कुछ वह मार्केट से खरीदते हैं - अपनी ही चीजें सिर्फ उन की शक्ल बदल दी गई है - उसकी कीमतें ज़्यादा हैं ... "مداخلت"

ایک معزز ممبر : آپ سرکار میں ہیں -

شری رفیق عالم : یہ ساری پرابلمس آپ لوگ کریئٹ کرتے ہیں - اور بدنام کرتے ہیں ہمکو - کسانوں کے سامنے سب سے بڑی پرابلم یہی ہے کہ جو مینوفیکچرڈ گڈس خریدتے ہیں - چاہے وہ مل کی ہوں یا کپڑوں اور کی ان کی قیمتیں زیادہ ہیں - اور جو وہ سویم پیدا کرتے ہیں - ان کی قیمتیں کم ہیں - چاہے جوٹ کا معاملہ ہو - چاہے کپاس کا معاملہ ہو - چاہے گنے کا معاملہ ہو - چاہے گیہوں کا معاملہ ہو - یا اور کوئی چیز کا معاملہ ہو - اب سبھا ادھیکش جی - آپ کو یہ سنکر تعجب ہوگا - یہ ۱۹۸۴ میں جوٹ پیدا کرنے والوں کو ۴ چار سو روپیہ من - ایک ہزار روپیہ کوئنٹل پھر اس جوٹ پیدا کرنے والے کے ساتھ روپیہ ہی ملا - اب بتائی کہاں چلا

[شری رفیق عالم]

نہیں پہنچی ہے- ابھی کاشتکاروں کی حالت وہی کی وہی ہے جو کہ پہلے تھی - اس کی حالت بالکل بدتر ہوتی جارہی ہے- اس لئے میں ایگریکلچر منسٹر سے کہونگا کہ جب بھی آپ پرائس فکسیشن کریں - تو کاشتکاروں کے نمائندہ کو ضرور رکھیں - یہ نہیں کہ جو جوٹ نہیں جانتا وہ جوٹ کیسا ہوتا ہے- وہ جوٹ کی پرائس فکس کرے- پوچھتے بھی نہیں - کہ اسکی لاگت کیا ہے - میں بھی جوٹ پیدا کرنے والا ہوں - ایک من جوٹ پیدا کرنے میں لگ بھگ دو سو روپیہ خرچ ہو جاتا ہے - یہ فارن ایکسچینج لاتا ہے - گولڈن فائبر کہلاتا ہے - آج کسان کی حالت بہت خراب ہے - اسکو بہت پرابلم ہو رہی ہے - اگر کسان آندولن پر اتر آئینگے - تو کوئی طاقت اسکو روک نہیں سکیگی - اسلئے یہ آندولن ہونے کے پہلے میں سرکار سے اپیل کرونگا - کہ کسانوں کی طرف زیادہ سے زیادہ دھیان دے - وہ جو چیزیں پیدا کرتے ہیں انکی جائز قیمت انہیں ملے- اور جو یہ بیچ میں نفع خوری کرنے والے ہیں ان پر پابندی لگے - ایسی بات نہ ہو کہ جو پیدا کرتا ہے - وہ تو بھوکا رہے - اور اسکی چیز کو صرف اس مارکیٹ سے اس مارکیٹ تک پہنچا دیتا ہے - وہ بیچ میں رہے - اور وہاں پر سو روپیہ من اور کہاں ساٹھ روپیہ من - لیکن وہی چیز جب مل والے دیتے ہیں تو اس میں کوئی کمی نہیں - اس لئے ابھی سرکار سے میری گزارش ہے- اور یہ بھی بات ہے کہ ہمارے ووٹرز جیتے بھی ہیں - ہم لوگ بھی آتے ہیں - چاہے ایم پیز - یا ایم - ایل - ایز - ہوکر آئیں - زیادہ تو کاشکاروں کے ہی نمائندہ ہیں - اس لئے ہر آدمی کا یہ کرتویہ ہوتا ہے- کہ وہ گاؤں کی طرف دیکھے- کیونکہ جب گاؤں خوشحال ہوگا - تبھی ملک خوشحال ہوگا - گاؤں غریب ہوگا تو ملک شکتیشال نہیں ہو سکتا ہے- کیونکہ سب سے زیادہ پروڈیوسرز تو وہی ہیں - اور سب سے زیادہ کنزیومرز وہی ہیں - ابھی وکل جی نے شعیب کہا ہے- کہ ایک چپڑاسی اپنے بچوں کو اچھی سے اچھی تعلیم دے سکتا ہے- انہیں کھلا سکتا ہے- لیکن کاشتکار اتنا بھی نہیں کہیں کرسکتا ہے- فلڈ سے پریشان ہو تو وہ - ڈراؤٹ سے پریشان ہو تو وہ - قیمتیں بڑھیں تو کاشتکار پریشان ہوں - ہر صورت میں - پریشان کاشتکار ہی ہوتا ہے- اس لئے میں نے کہا کہ چاہے بھوروکریٹس ہوں - چاہے بزنیس مین ہو - آزادی کی روشنی تو ان سب کے گھروں میں پہنچی ہے- لیکن ابھی تک یہ آزادی کی روشنی کاشتکاروں کے گھر تک

بجلی کا پلکھا چلتا ہو - مجھے
بدوپاریوں سے شکایت نہیں ہے -
شکایت مجھے یہ ہے کہ جو پیدا
کرتا ہے - انکو کم ملتا ہے - جبکہ
انکو زیادہ ملنا چاہئے - اس صورت
میں آپ ایسا لیول لائیں کہ سماج
میں امن و امان رہے - ملک
خوشحال رہے اور ہمارا ترنگا جھنڈا
ہمیشہ اونچا رہے - شکریہ -]

SHRI G. S. DHILLON: Mr. Vice-Chairman, Sir, I have heard the points of view of the Members from all the sections of the House.

One thing that I am quite happy to see is that they have evinced very keen interest in agriculture.

In my parliamentary life I had not seen a calling-attention sponsored by 65 Members. That shows how much the House is concerned about it.

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY: Last time also it was like that.

SHRI G. S. DHILLON: Though I could not count 65 Members present here, those who spoke have brought out all kinds of suggestions and criticism. The Call Attention, as I saw, was so innocent that it was just a concern of the Members on the remunerative prices on the agricultural produce, particularly paddy, wheat and sugarcane. In my own way I had given a pointed answer. I think that was quite indicative of the nature the points that were to be raised on the working of the Agricultural costs and Prices Commission. Some questions that have been asked relate to the Ministry of Agriculture and there are some others which are beyond its scope and jurisdiction. Some of them relate to the Ministry of Food and Civil Supplies or Industries, but they were all linked together. As I told you the agricultural prices are fixed keeping in view that the prices so fixed will not only determine the minimum or support prices, but as a matter of our declared policy the fact that the remunerative prices should be such that they should be remunerative to the farmers in the real sense I do not mean remunerative price should be so high as to his other interests. While determining such cost of production, we take into consideration so many factors. There is a long list, but I give here only a few of them like seeds, fertilisers, diesel, electricity, implements, land, whether leased or owned, labour, whether family labour or hired labour and so many other factors. The likely effect of the price policy on the rest of the economy, particularly on the cost of living, level of wages and industrial cost structure is also taken note of.

Shri Kalpnath Rai and some other Members said that in spite of the promise made by my predecessor there has been no proper Agricultural Costs and Prices Commission constituted and in its absence how could there be the prices fixed? May I tell to those Members that the CACP is a continuing body that existed and that still is existing. The question at present before us is how to increase the membership of some non-official representatives of the farmers. I agree with the hon. Members on the question of association of the non-official members with this body, particularly the representatives of farmers' interests whether they represent the dryland interest or those of edible oil or cereal crops or horticulture or the interests or in whatever field they work. We will have to associate them at one stage or the other so that the opinion of that section is reflected in the determination of that price which the Commission fixes. At present the Commission consists of a Chairman, Members Secretary, one Member Official and one non-official member—four of them. We want to see if there could be seven. We have already moved in the matter and we have almost completed the task. I think we will be announcing the acceptance of our proposal and names of those members. While determining the prices, I must say, when you relate them to the industry or the finished product or the processed product, I wish I could do it myself, but the structure and system of the Government is such that, my Department is

[Shri G. S. Dhillon]

concerned only with producing. I may produce wheat. I may produce paddy. These items go to the Food Corporation of India. It is not under me. Some hon. Members have brought into this debate all sorts of general issues whereas this Calling Attention relates to the remunerative prices for the agricultural produce particulraly for paddy, wheat and sugarcane.

श्री राम अवधेश सिंह : श्रीमन्, मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है। मंत्री जी ने यह कहा है कि हमारे मंत्रालय का संबंध केवल प्रोडक्शन से है चाहे पैडी हो, जूट हो, आलू हो, उसकी प्राइस से बिक्री से संबंध नहीं है। जो प्राइज के संबंध में बहस चल रही है यह बात उसमें कवर होती है एग्रिकल्चर प्राइस के तमाम फैक्टर्स उसमें आ जाते हैं.....

उपसभाध्यक्ष (श्री पवन कुमार बांसल) : उनको आपने ठीक से सुना होगा तो उन्होंने ऐसा नहीं कहा...

श्री राम अवधेश सिंह : कालिंग एटेंशन में मंत्री महोदय क्यों आते हैं ? सरकार की ज्वाइन्ट रिस्पोंसिबिलिटी होती है। इस बात को टाल कर वे नहीं जा सकते हैं ... (व्यवधान) यह आपकी जिम्मेदारी है, आप को जवाब देना है।

SHRI G. S. DHILLON: You have not heard first part of my reply. I said I will deal with the matters which are concerned with the Calling Attention matter. The other points which relate to the price of processed food or processed items, all that I can do is I will note them down and convey them to the concerned Department for their consideration.. (*Interruptions*)

Sir, I have already mentioned the points that have been considered by the Commission while determining the price of seeds, fertilizers, diesel, etc. So we have to take into account the cost of production, changes in output and input prices, trends in market prices, demand and supply, inter-crop price parity, effect on individual cost of structure, effect on general price level, effect on cost of living, the international market price situation, the parity between prices paid and prices received. So while we take those factors into consideration, we do have some guidelines which will help us in proper fixing of these prices.

So far as fertilizers are concerned, a concern was expressed about the sudden hike in the price. Though the prices of fertilizers were raised in January, 1986, yet these have been retained at 1981 levels. In between these five years, we had reduced the price by 10 per cent. But this had to be reversed. So far as the figures quoted by my friend, Mr. Virendra Verma and some others are concerned, I can say that to keep the fertilizer price within the limits of the farmer's capacity, the Government, while depending on our own plants and factories, have to import about 39 to 40 per cent from outside. We have a shortage. I have seen the figures. Import is done by China. It is done by many other countries. Some of the items which are components of the fertilizers in some cases are not available. So willingly or unwillingly we have to import them to manufacture it in the final form. I may say that about Rs. 2,000 crores is being paid as subsidy to keep the price low. As a Kiss to a sleeping man, the farmer does not know how the input price is kept low. Another point which has been made is that the cost of production of fertilizers is on the higher side in this country. But I have got the figures, in terms of kilograms of paddy required to buy one kilogram of nitrogen. The question was raised about nitrogen. In Bangladesh it is 1.79 Kg...

SHRI KALPNATH RAI: In Japan?

SHRI G. S. DHILLON: Please. In India, it is 3.57; in Indonesia, it is 1.18; in Malaysia, it is 4; in Pakistan it is 2.56; in the Philippines it is 4.17; in Sri Lanka

it is 1.82; and in Thailand, it is 4.35. The prices of fertilizers, if we consider them in this perspective, are quite comparable with those in other parts of the world.

While assessing the determinant factors, one basic point is kept in view, that is, there should be a margin of profit. But that profit should not be at the cost of the consumers, the labourers and some other weaker sections of the society, who ultimately are affected by the economy in general. But one thing about which I am very confident is that when three of the non-official Members join the Commission, the farmer's interest will be still better protected and lacuna of farmers' absence and lack of advice will be rectified. Sometimes, in a limited Commission, some points may not come. But when the Commissions consists of Members with experience in various fields, I very much hope that will add to the efficiency of the general working of the Commission and I honestly pray for that. Before becoming the Minister I have myself been advocating and I am very much there now and I think it should be my honest duty to see that this lacuna continues no more.

Then, Sir, some honourable Members made some very interesting and very useful points. Some honourable Members mentioned about irrigation, some mentioned about tractors and some about tyres.

SHRI KALPNATH RAI: Insecticides.

SHRI G. S DHILLON: It is already there. But I have seen the determining factors and the criteria that should be there. These are all there. If the Members so desire, I can send them the detailed list. It is quite big. Now, there is going to be a computerised side of it also. Instead of spending two years in calculating, and processing statistics cost data, we will spend less time and this will reduce the period of generating final cost estimates to a little less than half and that would be very helpful to us. If the prices are to be determined on the basis of latest cost estimates, these data should be with us within a minimum period of time so that we are able to pass them on to the Commission to arrive at a reasonable solution.

I have some opinions of some professors before me. Sir, the share of agriculture in the general economy of the country is 30.7 per cent. Here, as in the case of Japan and the USA, there is a general tendency that with the development of agriculture and development of our technology, the share, when it goes down, is not indicative of the fact that production has also gone down. But the experience is that when the share goes down, production rises, as in the case of Japan, and as in the case of the USA. The same is the case here. As its share in the general economy of the country goes down, our production and productivity have gone up. Now, an honourable Member—I think it was Mr. Mahajan—was asking why there should be a Commission for Agricultural Costs and Prices and why it should not be like the Bureau of Industrial Costs and Prices. I have tried to determine within a very short time, to find out the difference between the constitution of these two. When we say that there should be non-official Members from the farming community on the Commission for Agricultural Costs and Prices, in that Bureau, there is no non-official Member at all and the model and the structure of that Bureau do not help us when we compare it with the Commission for Agricultural Costs and Prices. This was the information which I thought I should convey to the honourable Member. It is because during the period for which the figures have been quoted, the cake was quite small and the agricultural sector seemed to be bigger. Now, with the expansion and development of the economy, the cake is quite big, the share of agriculture has naturally reduced in size. It does not mean that there is a progress on the negative side. Instead we find that there is more productivity and more production.

There was a very good suggestion from an hon. Member that it should be related to the wholesale price and the end price when it goes to the consumer,

[Shri G. S. Dhillon]

thereby avoiding this difference. I am myself interested in it. I would like a study of how much is the difference when it comes from the farmer, goes to the wholesale dealer and also when it passes from the wholesale dealer to the consumer through various intermediaries. In the course of time, I think we will have some study and if I find that it is inexcusable, I will certainly bring it to the notice of the House because in that case it will become a question deeply concerned with the welfare and interest of the farmer as to what he gets. When the farmer sells at a certain price and the consumer gets it at a much higher price and the rise is steep, whatever may be the reasons, we must know as to how to satisfy the farmer irrespective of the fact whether the end consumption in justified or not.

There was a point raised...

आपने मुझे पूछा पोटेटोज का क्या झगडा है और एग्रीकल्चर मिनिस्टर ने ऐसा किया । मैंने सारी, जिन्दगी में ऐसा नहीं सुना जैसे आज राज्य सभा में मैंने सुन लिया है कि पोटेटोज की कीमत बढ गई है कहीं आपका तो इसमें हिस्सा नहीं है । देखिये जरा जिम्मेदारी से बोला करिये । (व्यवधान)

श्री राम अवधेश सिंह : मैं सरकार पर चार्ज करता हूं (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री पवन कुमार बांसल) राम अवधेश जी आपको बोलना है तो अपनी सीट से बोलिये ।

श्री जी० एस० ढिल्लों : मैं तो इस राज्य सभा में आया उस हाउस में मैम्बर. . . (व्यवधान) मैंने सोचा कि यहां मैम्बर अच्छा सवाल करेंगे . . . (व्यवधान)

श्री राम अवधेश सिंह : यह सरकार पर मेरा चार्ज है कि आलू काभाव इतना क्यों बढ़ा है । इसलिये मैं आप पर चार्ज करता हूं और आप इसके लिये जिम्मेदार हैं । आप को जवाब यह देना चाहिये कि क्या आलू के भाव को आप कन्ट्रोल कर सकते हैं या नहीं कर सकते हैं (व्यवधान) यह आप केटेगोरीकल जवाब दीजिये । (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री पवन कुमार बांसल) : आपने अपना प्वाइन्ट कह दिया है (व्यवधान) आप बैठ जाइये (व्यवधान)

श्री राम अवधेश सिंह : हम लोग पत्थर के स्टेचू नहीं हैं कि सरकार जो बोलती रहेगी हम लोग सुनेंगे (व्यवधान) आप केटेगोरीकली जवाब दीजिये ।

श्री बी. सत्यनारायण रेड्डी : अभी मंत्री महोदय ने कहा कि राज्य सभा में आने के बाद हम यह त्वस्को रखते हैं कि अच्छे सवाल किये जायेंगे (व्यवधान) मगर यहां अच्छे सवालात नहीं किये जा रहे हैं । यह तो मैम्बरों के खिलाफ जवाब चार्ज है (व्यवधान) यहां के मैम्बरान जो सवाल करते हैं सोच समझ कर करते हैं । आप को उनका जवाब देना चाहिये दे सकते हैं तो दीजिये (व्यवधान) ।

श्री जी० एस० ढिल्लों : यह किसी सवाल के जवाब में नहीं था । यह आलू के भाव वाले सवाल में अगर वह गलत है तो मैं माफी मांगता हूं ।

श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी : आप बोल दीजिये गलत है । यह मत कहिये कि राज्य सभा में (व्यवधान)

श्री राम अवधेश सिंह : आप मेरे प्वाइंट का जवाब दीजिये (व्यवधान) सरकार रोकेगी या नहीं । दम से बोलिए, दम हो तो बोलिये नहीं तो विधवा विलाप करिये (व्यवधान)

5.00 P. M.

श्री जी० एस० ढिल्लों : आप ऐसा.. (व्यवधान) रवैया अख्तियार करने से रुकेंगे कि नहीं रुकेंगे... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री पवन कुमार बांसल): अब आप बैठिये ।

You cannot rise again and again.

श्री राम अवधेश सिंह : ये जवाब नहीं दे रहे हैं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री पवन कुमार बांसल) : मैं आपको बार बार वहां बात करने के लिये खड़ा नहीं होने दूंगा ।

Now, let the Minister continue.

श्री जी० एस० ढिल्लों : जो आपने सवाल रखे उन सारी चीजों पर विचार करना जरूर मेरी कोशिश है और उसका पता लगाना मेरा फर्ज बनता है (**व्यवधान**) मैंने तो बस यही कहा कि मैं आप से सवाल करने का तरीका जरा ज्यादा नर्म समझा था आप ऐसे जोश में आकर हमसे सवाल करते हैं । अगर आपको बुरा लगे तो मेरे बस की बात नहीं है ... (**व्यवधान**)

श्री राम अवधेश सिंह : थोड़ा उम्र का सवाल है ।

श्री जी० एस० ढिल्लों : क्या करें ।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : आप भी अपनी उम्र के अनुसार बोल रहे हैं ।

श्री जी. एस. ढिल्लों : दिल तो मेरा भी करता है कि मैं नौजवान ही रहूं लेकिन उम्र का तकाजा होता है ।

श्री राम अवधेश सिंह : उजले बाल तो काले कर लिये हैं ।

श्री जी. एस. ढिल्लों : जो प्रश्न आपने किये, आपने जो कहा उसका मैंने जवाब दे दिया ।

श्री राम अवधेश सिंह : नहीं दिया ... (**व्यवधान**)

श्री गुलाम रसुल मट्टू : अभी आपने फरमाया कि डिमांड एण्ड सप्लाई का मसला है । डिमांड एण्ड सप्लाई के मामले में यह आता है अगर आपकी डिमांड 2.20 रुपये में है तो सप्लाई 1 रुपये 1.62 पैसे में क्यों है ... (**व्यवधान**) जवाब आपका यह है कि आपकी मिनिस्ट्री से ताल्लुक नहीं रखता है । यह समझ लीजिये कि हमारा मसला क्या है ।

†[جناب غلام رسول مٹو : آپنے فرمایا کہ ڈمانڈ اینڈ سپلائی کا مسئلہ ہے - ڈمانڈ اینڈ سپلائی کے معاملے میں یہ آتا ہے اگر آپکی ڈمانڈ 2.20 روپئے میں ہے - تو سپلائی ایک روپیہ باسٹھ پیسہ میں کیوں ہے - ... (مداخلت) ... اب آپکا یہ ہے - کہ آپکی منسٹری سے تعلق نہیں رکھتا ہے - سمجھ لیجئے کہ ہمارا مسئلہ کیا ہے -]

श्री जी० एस० ढिल्लों : मैंने अर्ज किया मैंने कहा था, जो गाइड लाइन होगी कमीशन के लिये उसमें डिमांड एण्ड सप्लाई .. (**व्यवधान**) मेरी तो अपनी राय नहीं है, जो गाइड लाइन उनको दी गयी है उन्हीं में है ।

श्री राम अवधेश सिंह : उपसभाध्यक्ष जी, मेरे सवाल का जवाब नहीं दे रहे हैं इसलिये मैं वाक आऊट कर रहा हूं ।

At this stage the hon. Member left the Chamber

श्री जी० एस० ढिल्लों : यह मैंने फीगर्स रखी हैं । सवाल उठाया गया था कि जो चीजें किसान को दी जाती हैं उनमें और जो किसान खरीदते हैं उनमें डिसपैरिटी नहीं होनी चाहिये, तो टर्म्स आफ ट्रेड में फर्क नहीं होना चाहिये । मेरे पास आफिसियल तौर पर 79–80 के बाद

†[ ]Translitration in Arabic script.

श्री जी० एस० ढिल्लों

100 इंडेक्स, फिगर रखकर जो आई है उसमें 1979-80 की अगर मान लो 100 आता है, प्राइसेज पेड 100 और टर्म्स आफ ट्रेड 100 तो 80-81 में 115, प्राइज पेड 117, टर्म्स आफ ट्रेड 98.5 उसमें कमी आई है। 81-82 में 120.1, प्राइसेज पेड 129.2 टर्म्स आफ ट्रेड वाले में 93 हो गया, इसी तरह से हम 84-85 पर आते हैं। प्राइसेज रिसीव्ड 154.5 प्राइसेज पेड 154.9 और 99.7 टर्म्स आफ ट्रेड में आ जाते हैं तो आलमोस्ट जो वह लेता है प्राइस और जिससे वह खरीदता है स्टेट पटिकल में तकरीबन बराबर है फेवर का फर्क आ जायेगा। यह मैंने सोचा आपकी नोटिस में ला दूं। जब आप अंग्रेजी बोले तो मैं अंग्रेजी में बोल रहा था, फिर आप हिन्दी में शुरू हो गये तो मैंने हिन्दी में बोलना शुरू कर दिया। बहुत से पाइन्ट कवर कर दिये हैं और कोई रह गया हो तो पूछ लीजिये।

श्री प्रमोद महाजन: मैंने पूछा था जो प्रोक्योरमेंट प्राइस आपने बताई है और जिसको आप रिम्यूनरेटिव प्राइस मानते हैं तो क्या कारेस्पोंडिंग आप बता सकेंगे जैसे अभी आपने तीन चीजों के प्रोक्योरमेंट प्राइज बतायें ...। Are they the same or the remunerative prices are a little bit more?

SHRI G.S. DHILLON: When I spoke earlier, I think perhaps you were not here. I said that the support prices are so fixed that the remunerative price is recommended in the real sense. In case the actual market price is higher than the support price, we do not come in the way. But in case prices fall, the Government extends market support at declared prices so that the farmer or the producer does not suffer the loss.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: I asked what according to your opinion are remunerative prices for these products.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): He has replied in his own way. Now we will take up special mentions.

श्री कल्पनाथ राय: अभी जवाब नहीं दिया है।

उपसभाध्यक्ष (श्री पवन कुमार बांसल) जवाब हो गया है।

SHRI G. S. DHILLON: I have tried to answer all the points. Still, let me know if I have not been able to reply some points. I tried to cover almost all the points raised in this four and a half an hour debate I thought that I should reply some of the points collectively and some of them individually. But if still some point is left out, please let me know.

[**The Vice-Chairman (Shri H. Hanumanthappa)** in the Chair.]

REFERENCE TO THE EROSION OF LAND CAUSED BY THE BRAHMAPUTRA RIVER IN SEVERAL PARTS OF ASSAM

SHRIMATI BIJOLA CHAKRAVARTY (Assam): Mr. Vice-Chairman, Sir, I would like to draw the attention to the havoc caused by the river Brahmaputra. The river Brahmaputra is a source of woes and misery to the people of Assam. It is not a new thing. It has been happening for the last 36 years since the devastating earthquake of August 15, 1950. The erosion of Brahmaputra valley is continuing unabated since then. The river Brahmaputra runs 720 kilometres in Assam. From Dibrugarh to Dumri this devastation caused by the river Brahmaputra is seen. Sir, the Dibrugarh town itself is threatened since 50s and it has not yet been protected. And then, Sir, there are adjoining tea gardens and they are being eroded solwly and gradually. There is the Auckland tea garden close by and this tea garden produces the export variety of tea and already half of this tea garden is eroded by the Brahmaputra river. There is no check. Secondly comes the Jorhat town, the prime town of Upper Assam and it too